शिल्प निर्देश

सीबीआई यूनिट 2

चित्र फ्रेम

सामग्रियाँ:

• पारिवारिक फोटो फ्रेम (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• झागदार अक्षर "सीबीआई" (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• झागदार सूक्ष्मदर्शी कांच (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• झागदार टॉर्च/ मशाल (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• घुंघराले रिबन का एक टुकड़ा (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• गोंद

झाग की बजाय, आप मोटी या रंगीन कागज का भी उपयोग कर सकते हैं।

निर्देश:

1. प्रत्येक बच्चे को उनके टुकड़े दो।

2. बच्चों को फोटो फ्रेम पर अपने टुकड़ों को गोंद से चिपकाने दें।

3. फ्रेम के शीर्ष पर लटकाने के लिए घुंघराले रिबन को गोंद से श्रृंखलाओं में चिपकाएँ।

4. बच्चों को समझाएं कि जब वे घर जाते हैं, तो वे तस्वीर पर रंग कर सकते हैं या पीछे की ओर कोई फोटो चिपका सकते हैं। उन्हें सही जगह में गोंद लगाने का निर्देश दें।

सीबीआई सजावट

सामग्रियाँ:

• बड़े अक्षरों में लिखा हुआ "सीबीआई" (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• प्रत्येक रंग के चौकोल टिशू पेपर (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 50) (टिशू पेपर वे रंगीन कागज होते हैं जो बहुत ही पतली होती है / चायनीस पेपर ।)

• गोंद

• पेंसिल

निर्देश:

1. प्रत्येक बच्चे को बड़े "सीबीआई" अक्षर और 50 छोटे चौकोल टिशू / चायनीस पेपर दें।

2. एक पेंसिल का उपयोग करते हुए, टिशू पेपर को मजबूती से पेंसिल रबड़ पर घुमायें।

3. पेंसिल के मिटाने वाले भाग को गोंद से ढक दें।

4. "सीबीआई" अक्षरों पर टिशू पेपर को गोंद से चिपकाएँ।

5. जब तक "सीबीआई" अक्षर सजावटी टिशू पेपर से ढक नहीं जाते, तब तक इसे जारी रखें।

सितारा बैज

सामग्रियाँ:

• झागदार सितारा (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• पेपर या कागज़ी सितारा (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• सेक्विन या सजावटी मोतियां (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• कपड़े का पिन (प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 1)

• गोंद

झाग की बजाय, आप मोटी या रंगीन कागज का भी उपयोग कर सकते हैं।

क्या करें:

1. प्रत्येक बच्चे को झागदार सितारा, कागज़ सितारा और सजावटी मोतियाँ दें।

2. बच्चों को झागदार सितारे पर कागज़ी सितारे को गोंद से चिपकाने को कहें।

3. बच्चों को दोनों सितारों के बिंदुओं पर गोंद से मोतियों को चिपकाने को कहें।

4. शिक्षक या कार्यकर्ता, बच्चों को उनके कपड़ों के पिन के साथ उनके शर्ट पर स्टार के चिन्ह को सही तरह से लगाने में मदद करें।